दिनांक 17.12.2025 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# सेक्टर 02 क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण किये निगम आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नागरिको एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जोन–3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वालीबॉल कोर्ट, वाटर एटीएम, उद्यान सहित बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किये।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा सेक्टर 2 वालीबॉल कोर्ट का निरीक्षण किया गया। कोर्ट के उचित रखरखाव के साथ खिलाड़ियों के पीने एवं अन्य उपयोग हेतु पानी की व्यवस्था करने निर्देशित किये हैं। सेक्टर 02 मार्केट के समीप नागरिको के पेयजल सुविधा के लिए वाटर एटीएम स्थापित किया गया है। वर्तमान में वाटर एटीएम बंद है, जिसे चालू कराने अधिकारियों को निर्देशित किये हैं। सड़क 16 के पास लगे वाटर एटीएम का अवलोकन किये, जो चालू पाया गया। आयुक्त ने त्रिमूर्ति उद्यान का निरीक्षण करते हुए उद्यान के भीतर बड़े घॉस एवं झाड़ियों की कटाई–छटाई के साथ पूर्व से लगे पेवर ब्लाक को व्यवस्थित कराने निर्देशित किये है। उद्यान के समीप बने बैडमिंटन कोर्ट को देखे, जो खिलाड़ियों के प्रेक्टिस हेतु व्यवस्थित है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, श्याम ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

